Fax.: (05452) 252244, 252344
Web.: www.vbspu.ac.in

वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषक,
सहायक कुलसचिव,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

पत्रांक: पू.वि.वि. / सम्बद्धता / 07–(तीन) / 2022 / 1971
दिनांक : 26.8.22

सेवा में,
प्राचार्य / प्रबन्धक,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय :–सम्बद्ध महाविद्यालयों का डाटा ABACUS पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय एवं समस्त महाविद्यालयों का पंजीकरण कर उनका डाटा ABACUS पोर्टल पर प्राथमिकता के आधार पर अपलोड किया जाना आवश्यक है किन्तु अनेक बार निर्देशित किये जाने के बावजूद महाविद्यालयों द्वारा उक्त डाटा ABACUS पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जा रहा है तथा उक्त कार्य में जानबूझकर शिथिलता एवं लापरवाही बरती जा रही है जो कदापि उचित एवं स्वीकार्य नहीं है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय का पंजीकरण ABACUS पोर्टल पर कराते हुये समस्त वांछित आवश्यक डाटा प्रत्येक दशा में दिनांक 27.08.2022 तक अपलोड कराना सुनिश्चित करें अन्यथा कि स्थिति में महाविद्यालय प्रशासन पूर्णतया उत्तरदायी होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा समयान्तर्गत कार्य न पूर्ण करने वाले महाविद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही कर दी जायेगी।

डाटा अपलोड करने में यदि कोई तकनीकी समस्या हो तो प्रो0 सौरभ पाल, एम0सी0ए0 विभाग, नोडल अधिकारी, ABACUS पोर्टल (मो0नं0–9044487708) से सम्पर्क किया जा सकता है।

भवदीय,

सहायक कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सहायक कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
3. प्रो0 सौरभ पाल, एम0सी0ए0 विभाग, नोडल अधिकारी, ABACUS पोर्टल विश्वविद्यालय परिसर को सूचनार्थ।
4. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाइल।

सहायक कुलसचिव

SHOT ON REDMI Y3
AI DUAL CAMERA